पंजाब केसरी

01-03-2025

# विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में बेहद महत्वपूर्ण



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में साइंस-डे पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

अम्बाला, 28 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में साइंस-डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के साइंस फैकल्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। डा. एस.के. पांडे ने विद्यार्थियों को रमन इफैक्ट के बारे में भी बताया और इसके महत्व को समझाया। इस अवसर पर बच्चों को साइंस-डे पर डॉक्यूमैंट्री भी दिखाई गई। इसके अलावा स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता की थीम 'साइंस एंड टैक्नोलॉजी' थी। कार्यक्रम में डा. कुलदीप यादव, डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी, डा. नियति, अनुपमा सिहाग, डा. राजेश सैनी आदि उपस्थित रहे।